उत्तर प्रदेश को कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई थी;

(ख) क्या उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अतिरिक्त धनराशि दिये जाने की मांग की है, और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और सरकार की उस पर क्या प्रतिक्रिया है?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो): (क) उत्तर प्रदेश के लिए वर्ष 1990-91 तथा 1991-92 हेतु राजय की वार्षिक योजनाओं में कृषि तथा सम्बद्ध क्रियाकलापों (वानिकी एवं वन्यजीवन को मिलाकर) के संदर्भ में अनुमोदित परिव्ययों को नीचे दिया गया है:—

वर्ष	राशि (करोड़ रु०)
1990-91	318.68
1991-92	382.30

(ख) वानिकी तथा वन्यजीवन को मिलाकर वर्ष 1992-93 के लिए कृषि तथा सम्बद्ध क्रियाकलापों हेतु अनुमोदित परिव्यय 377.51 करोड़ रु० है। राज्य सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान, कृषि तथा सम्बद्ध क्रियाकलापों के तहत अतिरिक्त निधियों की मांग नहीं की है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

विभिन्न विद्युत परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान किया जाना

471. **श्री रामजी लाल:** क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हरियाणा की विभिन्न विद्युत-परियोजनाओं (यमुना नगर सुपर तापविद्युत परियोजना एवं फरीदाबाद गैस विद्युत परियोजना) को स्वीकृति प्रदान कर दी है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने आठवीं परियोजना में इस प्रयोजनार्थ धनराशि का आवंटन कर दिया है;

(ग) यदि हां, तो उक्त परियोजनाओं से इस राज्य को कितनी मात्रा में विद्युत प्राप्त हो सकेगी;

(घ) क्या योजना आयोग ने सम्बद्ध मंत्रालयों को इन परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए निर्देश दिये हैं; और

(ङ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो): (क) और (ख) सरकार द्वारा अनुमोदन होने की शर्त के अधीन आठवीं योजना के दौरान केन्द्रीय क्षेत्रक के अंतर्गत यमुना नगर एसटीपीएस के लिए 300 करोड़ रुपए तथा फरीदाबाद गैस आधारित विद्युत परियोजना के लिए 330 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है;

(ग) परियोजना से उत्पादित विद्युत, उत्तरी क्षेत्र में हरियाणा सहित विभिन्न लाभग्राही राज्यों को, केन्द्रीय विद्युत स्टेशनों से विद्युत के आवंटन के लिए निर्धारित फार्मूले के अनुसार आवंटित की जाएगी।

(घ) जी, नहीं।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

Change sought in the Gadgil formula by the World Bank

472. SHRI SATISH PRADHAN: Will the MINISTER OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state:

(a) whether the World Bank has sought any change in Gadgil Formula for deciding the quantum of Central assistance to the States;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the reaction of Government thereto alongwith the final decision proposed to be taken?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI GIRIDHAR GOMANGO): (a) No, Sir.

(b) and (c) Question do not arise.

Reduction in the Social Sector Outlay

473. SHRI BISHAMBHAR NATH PANDE: Will the MINISTER OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Social